"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 21] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 24 मई 2013—ज्येष्ठ 3, शक 1935

विषय-सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 6 अप्रैल 2013

क्रमांक एफ 2-10/2013/1/एक.—विधि एवं विधायी कार्य विभाग के आदेश पृ. क्रमांक 2763/1075/21-ब/छ.ग./2013 दिनांक 5-4-2013 द्वारा श्री प्रभात कुमार शास्त्री, उच्च न्यायिक सेवा (सुपर टाईम वेतनमान) की सेवाएं प्रतिनियुक्ति पर विधिक सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय के पद पर नियुक्ति हेतु सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपी गई है. राज्य शासन एतद्द्वारा उन्हें कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश तक उक्त पद पर पदस्थ/नियुक्त करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. आर. मिश्रा, अपर सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 14 मार्च 2013

क्रमांक एफ 1-62/2012/16.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ श्रम (राजपत्रित) सेवा नियम, 1985 में निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त नियमों में,—

अनुसूची-तीन के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"अनुसूची-तीन
(नियम 8 देखिए)

स. क्र.	विभाग का नाम	सेवा का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	विविध, शैक्षणिक अर्हताएं	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	श्रम विभाग	श्रम पदाधिकारी (मुख्य निरीक्षक, मोटर यातायात अधिनियम)	21 वर्ष	30 वर्ष	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि.	
2.		महिला समाज कार्यकर्ता	21 वर्ष	30 वर्ष	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाज शास्त्र में स्नातक की उपाधि.	
3.		सहायक संचालक (सूचना एवं प्रकाशन)	21 वर्ष	30 वर्ष	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक तथा प्रकाशन कार्य का अनुभव.	
4.		अन्वेषण अधिकारी	21 वर्ष	30 वर्ष	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र, वाणिज्य सांख्यिकीय के साथ द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर.	
5.		सर्वे आफिसर	21 वर्ष	30 वर्ष	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र, वाणिज्य या गणित में सांख्यिकी के साथ द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर.	
6.		सहायक संचालक औद्योगिक, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा	21 वर्ष	30 वर्ष	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से इंजीनियरिंग या तकनीकी किसी भी शाखा में उपाधि अथवा समकक्ष उपाधि जो राज्य शासन द्वारा अनुमोदित की गई हो.	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
7.	श्रम विभाग	सहायक संचालक (चिकित्सा)	21 वर्ष	30 वर्ष	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से एम.बी.बी.एस.	

टीप :— छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार शिथिल होगी."

No. F 1-62/2012/16.—In exercise of the power conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh, hereby, makes the following amendment in the Chhattisgarh Labour (Gazetted) Service Rules, 1985, namely :—

AMENDMENT

In the said rules,—

For Schedule-III, the following shall be substituted, namely :—

"SCHEDULE-III
(See rule 8)

S. No. (1)	Name of the Department (2)	Name of Service (3)	Minimum Age limit (4)	Maximum Age limit (5)	Prescribed Qualification (6)	Remarks (7)
1.	Labour Department	Labour officer (Chief Inspector, Motor Transport Act)	21 Year	30 Year	Bachelors Degree from any recognized University.	
2.		Women Social	21 Year	30 Year	Bechelors Degree from any recognized university in Sociology.	
3.		Assistant Director (Information and publication)	21 Year	30 Year	Bechelors Degree from any recognized university and work experience in publications.	
4.		Invention Officer	21 Year	30 Year	Post Graduation from any recognized University in Economics, Commerce of Mathematics with IInd division in Statistics.	
5.		Survey Officer	21 Year	30 Year	Post Graduation from any recognized University in Economics, Commerce of Mathematics with IInd division in Statistics.	
6.		Assistant Director Industrial Helth and Safety	21 Year	30 Year	Bechelors Degree in any branch of Engineering or Technology from a recognized university or institution or equivalent Degree approved by the State Government.	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(9)
7.	Labour Department	Assistant Director (Medical)	21 Year	30 Year	MBBS from any recognized University or institution recognized by Indian Medical Council.	

Note :—The age limit shall be relaxed for the condidates who are bonafide local resident of Chhattisgarh State as per instruction issued by the General Administration Department from time to time."

नया रायपुर, दिनांक 12 अप्रैल 2013

क्रमांक एफ 10-25/2012/16.—राज्य शासन एतद्द्वारा विभागीय समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 22-11-2012 द्वारा "संविदा श्रमिक राज्य सलाहकार मंडल" का गठन किया गया है, में श्रमिकों के प्रतिनिधि में सदस्य के रूप में श्री दीपक जायसवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेशनल फ्रन्ट आफ इण्डियन नेशनल ट्रेड यूनियन एवं श्री सत्येन्द्र नाथ दुबे, भारतीय मजदूर संघ, 2, उद्यान मार्ग, चौबे कालोनी, रायपुर को नामांकित करता है.

नया रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल 2013

क्रमांक एफ 1-27/2013/16.—श्रम विभागीय आदेश क्रमांक एफ 1-16/2011/16, दिनांक 31-12-2011 द्वारा अतिरिक्त श्रम न्यायालय रायपुर के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए आदेश क्रमांक एफ 1-16/2011/16, दिनांक 30-09-2011 जिसके अनुसार अतिरिक्त श्रम न्यायालय को अंतरित प्रकरणों के निराकरण की व्यवस्था प्रदान की गई थी, को कायम रखते हुए एतद्द्वारा श्रम न्यायालय रायपुर क्रमांक-2 के समक्ष अधिसूचना क्रमांक एफ 1-70/2010/16, दिनांक 30-09-2011 के द्वारा क्षेत्राधिकार के आवंटन की तिथि 30 सितंबर 2011 की स्थिति में लंबित प्रकरणों का निराकरण श्रम न्यायालय क्रमांक-2 के द्वारा ही किया जावेगा.

30 सितंबर, 2011 के पश्चात् संस्थित होने वाले प्रकरणों का निराकरण क्षेत्राधिकार आवंटन आदेश के अनुसार किया जावेगा. क्षेत्राधिकार आवंटन आदेश क्रमांक एफ 1-70/2010/16 दिनांक 30-09-2011 के पश्चात् श्रम न्यायालय रायपुर क्रमांक-1 के क्षेत्राधिकार से संबंधित यदि कोई प्रकरण श्रम न्यायालय, रायपुर क्रमांक-2 के पास प्रस्तुत हुआ हो, तो वे तत्काल प्रभाव से श्रम न्यायालय, रायपुर क्रमांक-1 को अंतरित किये जावेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. आर. मालवीय, उप-सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 15 अप्रैल 2013

क्रमांक एफ 20-12/2013/ग्यारह/(छः).—राज्य शासन एतद्द्वारा, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2012 दिसम्बर 2012 से पांच वर्ष की अवधि अर्थात् 31-10-2017 तक के लिये लागू की है. "कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012" के प्रभावशील रहने की अवधि में इस नीति के अंतर्गत आने वाले उद्योग को यथासमय लागू औद्योगिक नीति के अनुरूप अन्य सुविधाएं/अनुदान यथा ब्याज अनुदान, स्थाई पूंजी निवेश अनुदान, औद्योगिक क्षेत्रों में भू-आवंटन पर प्रब्याजि में छूट/रियायत, स्टाम्प शुल्क छूट, परियोजना प्रतिवेदन अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान, तकनीकी पेटेंट अनुदान, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग हेतु मार्जिन मनी अनुदान एवं औद्योगिक पुरस्कार योजना के लाभ संबंधित अधिसूचनाओं के अधीन प्रदान करने की स्वीकृति राज्य शासन एतद्द्वारा प्रदान करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एन. बैजेन्द्र कुमार, प्रमुख सचिव.

रायपुर, दिनांक 15 अप्रैल 0213

क्रमांक एफ 8-6/2007/11/(6).—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित कोरबा के बॉयलरों को नीचे दर्शाये अनुसार निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6(सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से अतिरिक्त छूट प्रदान करता है :—

क्र.	बायलर क्र.	छूट की समयावधि
1.	M.P./3198	दिनांक 16-03-2013 से 15-06-2013 तक अर्थात् 03 माह
2.	M.P./3216	दिनांक 13-03-2013 से 12-09-2013 तक अर्थात् 06 माह

(1) संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालीन सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेगुलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) छत्तीसगढ़ बायलर निरीक्षण नियम, 1966 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. छबलानी, विशेष सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल 2013

क्रमांक एफ-3-62/गृह/2008/गृह-दो.—छत्तीसगढ़ पुलिस अधिनियम, 2007 (क्र. 13 सन् 2007) की धारा 38 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए विभागीय समसंख्यक अधिसूचना, दिनांक 03 अप्रैल, 2013 द्वारा राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकार का गठन किया गया है.

अतः उपर्युक्त अधिनियम के प्रावधानों एवं उसके अंतर्गत बनाये गये नियमों के अध्यधीन, राज्य शासन, एतद्द्वारा, राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकार में निम्नानुसार सभापति एवं सदस्य की नियुक्ति उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए करता है :—

1. माननीय न्यायमूर्ति श्री एस. सी. व्यास, न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश. — सभापति

2. श्री अनिल एम. नवानी, — सदस्य
पुलिस महानिदेशक (सेवानिवृत्त), छत्तीसगढ़.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. पी. शोरी, संयुक्त सचिव.

रायपुर, दिनांक 10 अप्रैल 2013

क्रमांक एफ 1/27/दो-गृह/भापुसे/2011.—राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री के. के. अग्रवाल, भा.पु.से., सहायक पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, रायपुर को स्वयं के विभिन्न मेडिकल चेकअप एवं उपचार हेतु दिनांक 17-04-2013 से 10-05-2013 तक (कुल 24 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुये श्री अग्रवाल, भापुसे को दिनांक 11 एवं 12-05-2013 विज्ञप्त शासकीय अवकाश का लाभ प्रदान किया जाता है.

2. श्री के. के. अग्रवाल, भापुसे को उक्त अवकाश अवधि में वही वेतन एवं भत्ते देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर प्रस्थान करने के पूर्व प्राप्त हो रहे थे.

3. अवकाश से लौटने पर श्री के. के. अग्रवाल, भापुसे, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, छ.ग. के पद पर पदस्थ होंगे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. के. अग्रवाल, भापुसे, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, छ.ग. अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

रायपुर, दिनांक 11 अप्रैल 2013

क्रमांक एफ 01-15/दो-गृह/भापुसे/2006.—राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री जे. के. थोरात, भापुसे (1998) पुलिस उप महानिरीक्षक, नक्सल ऑपरेशन, कांकेर को दिनांक 15-04-2013 से दिनांक 15-05-2013 (31 दिवस) अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 13 एवं 14-04-2013 के शासकीय अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री थोरात आगामी आदेश तक पुलिस उप महानिरीक्षक, नक्सल ऑपरेशन, कांकेर के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री थोरात, को वही वेतन एवं अन्य भत्ते देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर प्रस्थान करने के पूर्व मिलते थे.

4. श्री जे. के. थोरात, भापुसे (1998) पुलिस उप महानिरीक्षक, नक्सल ऑपरेशन, कांकेर के उक्त अवकाश अवधि में पुलिस उप महानिरीक्षक, नक्सल ऑपरेशन, कांकेर का प्रभार श्री पी. एस. बारा, उप पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव एवं धमतरी रेंज को उनके वर्तमान कार्य के साथ-साथ सौंपा जाता है.

5. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री थोरात, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुनील विजयवर्गीय, अवर सचिव.

गृह विभाग
(सी-अनुभाग)
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 12 अप्रैल 2013

क्रमांक एफ-4-101/गृह-सी/2007.—यत: राज्य सरकार छत्तीसगढ़ विशेष जन सुरक्षा अधिनियम, 2005 (क्रमांक 14 सन् 2006) की धारा-3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-4-101/गृह-सी/07, दिनांक 13 अप्रैल, 2012 में वृद्धि करते हुए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) और उसके छ: अग्र (फ्रंट) संगठनों-दण्डकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ, क्रांतिकारी आदिवासी महिला संघ, क्रांतिकारी आदिवासी बालक संघ, क्रांतिकारी किसान कमेटी, महिला मुक्ति मंच, आर.पी.सी. अथवा जनताना सरकार को पुन: एक वर्ष की कालावधि के लिए विधि विरुद्ध संगठन के रूप में घोषित करती है.

यह अधिसूचना दिनांक 12 अप्रैल, 2013 से एक वर्ष के लिए प्रवृत्त रहेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एन. के. असवाल, प्रमुख सचिव.

रायपुर, दिनांक 12 अप्रैल 2013

क्रमांक एफ-4-101/गृह-सी/2007.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना समसंख्यक दिनांक 12-04-2013 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एन. के. असवाल, प्रमुख सचिव.

Raipur, the 12th April 2013

No. F. 4-101/Home-c/2007. Whereas the State Government in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of Chhattisgarh Visesh Jan Suraksha Act, 2005 (No. 14 of 2006), extends the notification of this Department F. No. 4-101/Home-c/2007 dated 13 April 2012 and declares Communist Party of India (Maoist) and its Six front Dandkarayan Adhivasi Kishan Majdoor Sangh, Krantikari Adhivasi Mahila Sangh, Krantikari Adhivasi Balak Sangh, Krantikari Kishan Committee, Mahila Mukti Manch, R.P.C. & Jantana Sarkar Organisation as Unlawful Organisations for a Further period of one year.

This Notification will remain in force for one year with effect from 12 April 2013.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
N. K. ASWAL, Principal Secretary.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विक॰ विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 2 मई 2013

क्रमांक/एफ-19-63/25-1/2008.—विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 28-02-2009 द्वारा श्री ए. मिंज, सेवानिवृत्त, राज्य प्रशासनिक सेवा को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष के लिए संविदा नियुक्ति पर छत्तीसगढ़ राज्य के लिए वक्फ सर्वेक्षण कमिश्नर, रायपुर नियुक्त किया गया था. तत्पश्चात् पुन: विभागीय आदेश दिनांक 25-05-2012 द्वारा श्री मिंज की संविदा नियुक्ति की अवधि में एक वर्ष की वृद्धि की गई थी, जिसकी सेवा अवधि दिनांक 31-05-2013 को समाप्त हो जावेगी.

2. अत: राज्य शासन एतद्द्वारा श्री ए. मिंज, सेवानिवृत्त, राज्य प्रशासनिक सेवा को छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम-2012 के प्रावधानानुसार पुन: कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष के लिए संविदा नियुक्ति अवधि बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल चौधरी, उप-सचिव.

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 18 अप्रैल 2013

क्रमांक एफ 2-113/सात-1/2008.—यत: राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) (संक्षिप्त में संहिता) की धारा 59 के अधीन, छत्तीसगढ़ राज्य के किसी नगर या ग्राम में संहिता की धारा 59 की उप-धारा (5) के परन्तुक में विनिर्दिष्ट भूमि से भिन्न कृषि भूमि को गैर-कृषि प्रयोजनों के लिये व्यपवर्तित करने पर, प्रीमियम की वसूली के प्रयोजन के लिए, प्रीमियम के अधिरोपण तथा निर्धारण के परिवर्तन संबंधी नियम (संक्षिप्त में नियम) निर्मित किये हैं;

और यत:, उक्त नियमों से संलग्न अनुसूची वह दर विहित करती है, जिस पर प्रीमियम गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए व्यपवर्तित भूमि पर उद्ग्रहीत किया जाता है, जो राजस्व विभाग की अधिसूचना क्रमांक 175-6477-सात-एन (नियम), दिनांक 06 जनवरी, 1960 द्वारा संशोधित तथा समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक एफ 11-7-सात-एस-8-89, दिनांक 24 जनवरी, 2000 द्वारा पुन: संशोधित किया गया है;

और यत:, राज्य सरकार गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए व्यपवर्तित भूमि पर नगर, गांव तथा एकीकृत नगरीय योजना/विशेष क्षेत्रों में प्रीमियम की वसूली के प्रयोजन के लिए विद्यमान अनुसूची-अ तथा अनुसूची-ब के प्रतिस्थापन द्वारा उक्त नियमों को संशोधित करना प्रस्तावित करती है;

अतएव, उक्त नियमों को और संशोधित करने हेतु निम्नलिखित प्रारूप, जिसे राज्य सरकार, संहिता की धारा 258 की उप-धारा (1), सहपठित उप-धारा (2) के खण्ड (तीन) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए बनाना प्रस्तावित करती है, संहिता की धारा 258 की उप-धारा (3) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार, ऐसे समस्त व्यक्तियों, जिनके की इससे प्रभावित होने की संभावना है, की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है तथा एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप पर इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 30 दिवस के अवसान पर विचार किया जावेगा.

कोई आपत्ति या सुझाव, जो उक्त प्रारूप के संबंध में किसी व्यक्ति से विनिर्दिष्ट कालावधि के पूर्व, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, महानदी भवन, कैपिटल काम्पलेक्स, मंत्रालय, नया रायपुर के कार्यालय में, कार्यालयीन समय पर प्राप्त हो, छत्तीसगढ़ शासन

द्वारा विचार किया जायेगा.

संशोधन प्रारूप

उक्त नियमों में,—

1. नियम 14 के उप-नियम (1) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :—

"छत्तीसगढ़ राज्य के किसी नगर या ग्राम में संहिता की धारा 59 की उप-धारा (5) के परन्तुक में विनिर्दिष्ट भूमि से भिन्न कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजनों के लिए व्यपवर्तित करने पर, प्रीमियम की वसूली के प्रयोजन के लिए, इन नियमों से संलग्न अनुसूची-अ के कॉलम (1) में यथा दर्शित निम्नलिखित वर्गों में विभाजित किया जाएगा और उक्त अनुसूची के कॉलम (2), (3), (4), (5), (6) एवं (7) में विनिर्दिष्ट दरों के अनुसार प्रीमियम अधिरोपित किया जाएगा तथा इन नियमों से संलग्न अनुसूची-ब के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों के लिए, यथास्थिति, उक्त अनुसूची के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट दरों के अनुसार प्रीमियम अधिरोपित किया जाएगा."

2. नियमों से संलग्न अनुसूची के स्थान पर, निम्नलिखित अनुसूची-अ तथा ब प्रतिस्थापित की जाए, अर्थात् :—

"अनुसूची-अ
(नियम 14 देखिए)

वर्ग (1)	आवासीय प्रयोजन (2)	आवासीय कालोनी/ परियोजना (3)	वाणिज्यिक या औद्योगिक प्रयोजन (4)	सार्वजनिक/ संस्थागत प्रयोजन (5)	विशेष आर्थिक क्षेत्र (6)	चिकित्सा सुविधाएं (7)
वर्ग-एक						
1. नगर निगम एवं नगर-पालिका क्षेत्र.	रु. 15.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 20.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 25.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 20.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 20.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 15.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.
2. नगर निगम तथा नगर-पालिका क्षेत्र की बाह्य सीमा के 05 कि.मी. के अंदर.	रु. 10.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 15.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 20.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 15.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 15.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 10.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.
वर्ग-दो						
नगर पंचायत का संपूर्ण क्षेत्र.	रु. 5.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 7.50 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 10.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 7.50 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 10.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 7.50 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
नगर पंचायत की बाह्य सीमाओं से 02 कि.मी. का क्षेत्र.	रु. 4.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 5.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 7.50 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 5.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 7.50 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 5.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.
वर्ग-तीन						
ग्रामीण क्षेत्र	रु. 3.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 4.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 5.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 4.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 5.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.	रु. 4.00 प्रति वर्गमीटर या जिला मूल्यांकन समिति द्वारा उस वर्ष हेतु निर्धारित दर का 5 प्रतिशत, जो भी अधिक हो.

अनुसूची-ब

(नियम 14 देखिए)

सरल क्रमांक	एकीकृत उपनगर योजना/अन्य निवेश एवं विशेष क्षेत्र का नाम	अधिरोपित की जाने वाली प्रीमियम की दरें
(1)	(2)	(3)
01	रायपुर, नया रायपुर	रुपये 100 प्रति वर्गमीटर
02	बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई	रुपये 80 प्रति वर्गमीटर
03	अन्य निवेश एवं विशेष क्षेत्र	रुपये 60.00 प्रति वर्गमीटर"

No. F 2-113/Seven-1/2008.—Whereas, the State Government has made rules under section 59 of the Chhattisgarh Land Revenue Code, 1959 (No. 20 of 1959) (in short Code) regarding alteration of Assessment and Imposition of Premium (in short rules), for the purpose of levy of premium on agricultural land other than the land specified in the proviso to sub-section (5) of section 59 of the Code diverted to non-agricultural purposes, in any towns or villages in the State of Chhattisgarh;

And whereas, Schedule appended to the said rules prescribes the rate on which premium is levied on the land diverted for non-agricultural purposes, which was amended by revenue departments notification No. 175-6477-VII-N (Rules), dated 6th January, 1960 and further amended vide notification No. F. 11-7-VII-S-8-89 dated 24th January, 2000;

And whereas, the State Government proposes to amend the said rules by substituting the existing Schedule with Schedule-A and Schedule-B for the purpose of levy of premium in towns, villages and integrated township planning/special areas on land diverted to non-agricultural purposes;

Now therefore, the following draft further to amend the said rules which the State Government proposes to make in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (iii) of sub-section (2) of Section 258 of the Code in hereby, published as required by sub-section (3) of Section 258 of the Code for information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft shall be taken into consideration after the expiry of thirty days from the date of publication of this notice in the Official Gazette.

Any objection or suggestion regarding the said draft received from any person before the specified period, during office hours by the office of the Secretary, Department of Revenue and Disaster Management, Government of Chhattisgarh, Mahanadi Bhawan, Capital Complex, Mantralaya, New Raipur shall be considered by Government of Chhattisgarh.

DRAFT AMENDMENT

In the said rules,—

1. For sub-rule (1) of rule 14, the following shall be substituted, namely :—

"(1) For the purpose of levy of premium of agricultural land other than the land specified in the proviso to sub-section (5) of Section 59 of the Code diverted to non-agricultural purposes, in any towns and villages in the State of Chhattisgarh shall be divided in to the following classes as in column (1) of Schedule-A appended to these rules and the premium shall be imposed according to the rates specified in column (2), (3), (4), (5), (6) and (7) of the Schedule-A of the said Schedule and for the areas specified in column (2) of the Schedule-B appended to these rules the primum shall be imposed according to the rates specified in column (3) of the said Schedule as the case may be."

2. For the Schedule appended to the rules, the following Schedule-A and B shall be substituted, namely :—

"SCHEDULE-A
(See Rule 14)

Classes (1)	Residential purpose (2)	Residential colony/ project (3)	commercial or industrial purpose (4)	Public/ Institutional propose (5)	Special Economic Zone (6)	Medical facility (7)
Class-1						
1. Municipal Corporation and Nagar Palika Area.	Rs. 15.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 20.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 25.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 20.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 20.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 15.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.
2. 5 Kms. within the Municipal Corporation and Nagar Palika Area.	Rs. 10.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 15.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 20.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 15.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 15.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 10.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(9)
Class-2						
All area of Nagar Panchayat.	Rs. 5.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 7.50 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 10.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 7.50 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 10.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 7.50 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.
2Kms. away from the radius Nagar Panchayat.	Rs. 4.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 5.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 7.50 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 5.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 7.50 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 5.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.
Class-3						
Rural Areas	Rs. 3.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 4.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 5.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 4.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 5.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.	Rs. 4.00 per Square meter or 5% of rate District Valuation Committee of that year which even is more.

SCHEDULE-B
(See Rule 14)

S. No. (1)	Integrated sub-township scheme/name of other investment and special Area (2)	Rate of Premium to be Imposition (3)
01	Raipur, Naya Raipur	Rs. 100.00 per Sq. Meter
02	Bilaspur, Durg, Bhilai	Rs. 80.00 per Sq. Me er
04	Other planning and particular ones	Rs. 60.00 per Sq. Meter"

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. निहालानी, उप-सचिव.

कृषि विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 4 मई 2013

क्रमांक/डी-15/116/पार्ट-2/2004/14-2.—छत्तीसगढ़ कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 69 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, तथा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 5233/डी-15-116/2004/14-2 दिनांक 13-10-2008 में आंशिक संशोधन एवं छूट प्रदान करते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा सोयाबीन फसल (राज्य के भीतर कृषकों द्वारा उत्पादित और मण्डी में लाये जाने वाली) पर प्रति 100 रु. मूल्य पर 0.80 (अस्सी पैसा) की दर से मण्डी शुल्क नियत करती है. यह अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावशील होगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रदीप कुमार दवे, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 4 मई 2013

क्रमांक/डी-15/116/पार्ट-2/2004/14-2.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक/2014/रायपुर दिनांक 04-05-2013 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रदीप कुमार दवे, उप-सचिव.

Raipur, the 4th May 2013

No./D-15/116 (Part-II)/2004/14-2.—In exercise of the power conferred by sub-section (1) of Section (1) of Section 69 of Chhattisgarh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973) and party amending and relaxing the notification No. 5233/D-15-116/2004/14-2 date 13-10-2008 of this department, the State Government hereby fixed mandi fee at the rate of Rs. 0.80 (Eighty paise) per 100 Rupees on soyabeen agriculture produce only (which is produced by farmer within the state and brought into the market). With effect from the date of publication of this notification up to Gazette till date.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
PRADEEP KUMAR DAVE, Deputy Secretary.

LAW AND LEGISLATIVE AFFAIRS DEPARTMENT

Mantralaya, Mahanadi Bhawan, Naya Raipur

Raipur, the 18th April 2013

F. No. 3144/1243/XXI-B/C.G./13.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 4 of the Family Courts Act, 1984 (No. 66 of 1984) the State Government, hereby, with the concurrence of Hon'ble High Court of Chhattisgarh and in compliance of Memo No. 259/II-15-02/2005 (Pt.-II)/Confdl/2013, Bilaspur, Dated 17th April, 2013, withdrawing the services of member of Higher Judicial Service specified in column (2) of the Schedule below, from the Scheduled Tribes and Scheduled Castes Development Department, Government of Chhattisgarh, places under Law & Legislative Affairs Department, Government of Chhattisgarh and appoints him Judge of the

Family Court on deputation as mentioned in column (3) of the Schedule, from the date he assumes charge of his office, namely :—

S. No. (1)	Name of Judicial Officer with present place of posting (2)	Name of the Court (3)
1.	Shri Neelam Chand Sankhla, Presiding Officer, Wakf Tribunal, Raipur.	Judge, Family Court, Uttar Bastar (Kanker).

Raipur, the 18th April 2013

F. No. 3146/1246/XXI-B/C.G./13.—In compliance of Memo No. 259/II-15-02/2005 (Pt-II)/Confdl/2013, Bilaspur, Dated 17th April, 2013, of Hon'ble High Court of Chhattisgarh, the State Government, hereby, withdrawing the services of Shri Chhameshwar Lal Patel, III Additional District and Sessions Judge, Raipur, from High Court, places under Scheduled Tribes and Scheduled Castes Development Department, Government of Chhattisgarh, for appointment on deputation as Presiding Officer, Wakf Tribunal, Raipur.

Raipur, the 18th April 2013

F. No. 3148/1247/XXI-B/C.G./13.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 4 of the Family Courts Act, 1984 (No. 66 of 1984) the State Government, hereby, with the concurrence of Hon'ble High Court of Chhattisgarh and in compliance of Memo No. 259/II-15-02/2005 (Pt-II)/Confdl/2013, Bilaspur, Dated 17th April, 2013, of the High Court, Bilaspur, withdrawing the services of members of Higher Judicial Service specified in column (2) of the Schedule below, from the High Court, places them under Law & Legislative Affairs Department, Government of Chhattisgarh and appoints them Judge of the Family Court on deputation as mentioned in column (3) of the Schedule, from the date they assume charge of their office, namely :—

S. No. (1)	Name of Judicial Officer with present place of posting (2)	Name of the Court (3)
1.	Shri Satish Kumar Singh, I Additional District & Sessions Judge, Mahasamund.	Judge, Family Court, Mahasamund.
2.	Shri Ashok Kumar Potdar, Additional District & Sessions Judge, Kondagaon.	II Additional Principal Judge, Family Court, Durg.
3.	Smt. Rajni Dubey, Special Judge in Special Court for C.B.I. Cases, Raipur.	Judge, Family Court, Rajnandgaon.

Raipur, the 18th April 2013

F. No. 3150/1247/XXI-B/C.G./13.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 4 of the Family Courts Act, 1984 (No. 66 of 1984) the State Government, hereby, with the concurrence of Hon'ble High Court of Chhattisgarh and in compliance of Memo No. 259/II-15-02/2005 (Pt-II)/Confdl/2013, Bilaspur, Dated 17th April, 2013, of the High Court, Bilaspur, appoints the following members of Higher Judicial Service specified in column (2) of the Schedule below Judge of the Family Court, as mentioned in column (3) of the Schedule, from the

date they assume charge of their office, namely :—

S. No. (1)	Name of Judicial Officer with present place of posting (2)	Name of the Court (3)
1.	Shri Tarendra Kumar Jha, Chairman, Permanent Lok Adalat, Jagdalpur.	Judge, Family Court, Jagdalpur.
2.	Shri Dinesh Kumar Tiwari, Principal Judge, Family Court, Durg.	Judge, Family Court, Kabirdham (Kawardha).
3.	Shri Ashok Kumar Goyal, Registrar, C.G. Arbitration Tribunal, Raipur.	I Additional Principal Judge, Family Court, Raipur.
4.	Smt. Minakshi Gondley, I Additional Principal Judge, Family Court, Raipur.	Judge, Family Court, Dhamtari

Raipur, the 18th April 2013

F. No. 3152/1248/XXI-B/C.G./13.—In compliance of Memo No. 259/II-15-02/2005 (Pt-II)/Confdl./2013, Bilaspur, Dated 17th April, 2013, of the High Court of Chhattisgarh, the State Government, hereby, appoints the following members of Higher Judicial Service specified in column (2) of the Schedule below at the places as mentioned in column (3) of the schedule, on deputation, from the date they assume charge of their office, namely :—

S. No. (1)	Name of Judicial Officer with present place of posting (2)	Place of Posting (3)
1.	Smt. Maitrai Mathur, Judge, Family Court, Rajnandgaon.	Chairman, Permanent Lok Adalat, Jagdalpur.
2.	Smt. Kanta Martin, I Additional Principal Judge, Family Court, Durg.	Registrar, C. G. Arbitration Tribunal, Raipur.

रायपुर, दिनांक 18 अप्रैल 2013

क्रमांक 3167/1228/21-ब/छ.ग./2013.—स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का संख्यांक 61) की धारा 36 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचनाओं के अनुसूची के कॉलम (2) में उल्लेखित प्रविष्टियों के संबंध में और संशोधन कर, निम्न आदेश जारी करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचनाओं के अनुसूची के कॉलम (2) में उल्लेखित अधिकारियों को, उक्त अनुसूची के कॉलम (3) में उल्लेखित स्थानों

पर, विशेष न्यायाधीश पदस्थ किया जाता है, अर्थात् :—

स. क्र. (1)	न्यायिक अधिकारी का नाम (2)	जिले का नाम (3)
1.	श्री जयदीप विजय निमोणकर, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, जांजगीर	जांजगीर
2.	श्री नरेन्द्र सिंह चावला, प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, अम्बिकापुर	अम्बिकापुर

F. No. 3167/1228/XXI-B/C.G./2013.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 36 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government with the Concurrence of the Hon'ble Chief Justice of High Court of Chhattisgarh, hereby, makes the following order, further to amend this department's previous notifications, relating to the entries mentioned in column No. (2) namely :—

AMENDMENT

In the Schedule of the said notifications, officers mentioned in column (2) are posted as Special Judge, at the places mentioned in column (3) of the said schedule, namely :—

Sl. No. (1)	Name of the Judicial Officer (2)	Name of the District (3)
1.	Shri Jaideep Vijay Nimonkar, Additional Sessions Judge, Janjgir.	Janjgir
2.	Shri Narendra Singh Chawla, Ist Additional Sessions Judge, Abmikapur.	Ambikapur

रायपुर, दिनांक 18 अप्रैल 2013

क्रमांक 3175/1001/21-ब/छ.ग./2013.—राज्य शासन, महाधिवक्ता कार्यालय, बिलासपुर हेतु उप महाधिवक्ता के 02 अतिरिक्त पद निर्मित किये जाने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान करता है :—

क्र. (1)	पद का नाम (2)	स्वीकृत पद की संख्या (3)	पारिश्रमिक (4)
1.	उप महाधिवक्ता	02	55,000/-

उक्त व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन (114) कानूनी सलाहकार और परिषद्-(3428) महाधिवक्ता-01-वेतन-001 अधिकारियों का वेतन के अंतर्गत विकलनीय होगा.

उपरोक्त स्वीकृति वित्त विभाग के यू.ओ. क्रमांक 142/1004327/वित्त विभाग/ब-3/2013 दिनांक 30-03-2013 द्वारा प्रदान की गई

Raipur, the 6th May 2013

F. No. 3673/1463/XXI-B/C.G./2013.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 36 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government with the Concurrence of the Hon'ble Chief Justice of High Court of Chhattisgarh, hereby, makes the following order, further to amend this department's previous notifications, relating to the entries mentioned in column No. (2) namely :—

AMENDMENT

In the Schedule of the said Notification, officer mentioned in column (2) is posted as Special Judge under section 36(2) of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985, at the place mentioned in column (3) of the said schedule, namely :—

Sl. No. (1)	Name of the Judicial Officer (2)	Name of the District (3)
1.	Shri Makardhwaj Jagdalla, Special Judge under SC/ST (Prevention of Atrocities Act), Raipur.	Raipur

By order and in the name of the Governor of Chhattisgrh,
A. K. SAMANTRAY, Principal Secretary.

रायपुर, दिनांक 26 अप्रैल 2013

क्रमांक 3364/496/21-ब/छ.ग./2013.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्र. 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, एतद्द्वारा परिवीक्षा पर नियुक्त श्री जगदीश कुमार अग्रवाल, अधिवक्ता, रायपुर जिला-रायपुर को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर, जिला रायपुर के न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए उनकी परिवीक्षा अवधि समाप्ति दिनांक 14-06-2012 से पुन: 03 वर्ष के लिये अतिरिक्त लोक अभियोजक रायपुर, जिला-रायपुर नियुक्त करता है. उन्हें शासन द्वारा निर्धारित एवं समय-समय पर संशोधित रिटेनर फीस एवं अन्य फीस देय होगा. उनकी सेवा की अन्य शर्तें छ.ग. विधि विभाग मैन्युअल में निर्धारित अनुसार होगी.

किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है. उक्त संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन, 114-कानूनी सलाहकार और परिषद्, 3572-मुफस्सिल स्थापना, 10-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां, 008-शासकीय अभिभाषकों को फीस मद के अन्तर्गत प्रभारित किया जावेगा.

रायपुर, दिनांक 26 अप्रैल 2013

क्रमांक 3366/496/21-ब/छ.ग./2013.—राज्य शासन, एतद्द्वारा परिवीक्षा पर नियुक्त श्री जगदीश कुमार अग्रवाल, अधिवक्ता, रायपुर, जिला-रायपुर को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर, जिला रायपुर के न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए उनकी परिवीक्षा अवधि समाप्ति दिनांक 14-06-2012 से पुन: 03 वर्ष के लिये अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक रायपुर, जिला-रायपुर नियुक्त करता है. उन्हें शासन द्वारा निर्धारित एवं समय-समय पर संशोधित रिटेनर फीस एवं अन्य फीस देय होगा. उनकी सेवा की अन्य शर्तें छ.ग. विधि विभाग मैन्युअल में निर्धारित अनुसार होगी.

किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है. उक्त संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन, 114-कानूनी सलाहकार और परिषद्, 3572-मुफस्सिल स्थापना, 10-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां, 008-शासकीय अभिभाषकों को फीस मद के अन्तर्गत प्रभारित किया जावेगा.

रायपुर, दिनांक 26 अप्रैल 2013

क्रमांक 3368/496/21-ब/छ.ग./2013.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्र. 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, एतद्द्वारा परिवीक्षा पर नियुक्त श्री मणिमूर्ति अग्रवाल, अधिवक्ता, रायपुर, जिला-रायपुर को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर, जिला रायपुर के न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए उनकी परिवीक्षा अवधि समाप्ति दिनांक 14-06-2012 से पुन: 03 वर्ष के लिये अतिरिक्त लोक अभियोजक रायपुर, जिला-रायपुर नियुक्त करता है. उन्हें शासन द्वारा निर्धारित एवं समय-समय पर संशोधित रिटेनर फीस एवं अन्य फीस देय होगा. उनकी सेवा की अन्य शर्तें छ.ग. विधि विभाग मैन्युअल में निर्धारित अनुसार होगी.

किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है. उक्त संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन, 114-कानूनी सलाहकार और परिषद्, 3572-मुफस्सिल स्थापना, 10-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां, 008-शासकीय अभिभाषकों को फीस मद के अन्तर्गत प्रभारित किया जावेगा.

रायपुर, दिनांक 26 अप्रैल 2013

क्रमांक 3370/496/21-ब/छ.ग./2013.—राज्य शासन, एतद्द्वारा परिवीक्षा पर नियुक्त श्री मणिमूर्ति अग्रवाल, अधिवक्ता, रायपुर, जिला-रायपुर को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर, जिला रायपुर के न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए उनकी परिवीक्षा अवधि समाप्ति दिनांक 14-06-2012 से पुन: 03 वर्ष के लिये अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक रायपुर, जिला-रायपुर नियुक्त करता है. उन्हें शासन द्वारा निर्धारित एवं समय-समय पर संशोधित रिटेनर फीस एवं अन्य फीस देय होगा. उनकी सेवा की अन्य शर्तें छ.ग. विधि विभाग मैन्युअल में निर्धारित अनुसार होगी.

किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है. उक्त संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन, 114-कानूनी सलाहकार और परिषद्, 3572-मुफस्सिल स्थापना, 10-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां, 008-शासकीय अभिभाषकों को फीस मद के अन्तर्गत प्रभारित किया जावेगा.

रायपुर, दिनांक 26 अप्रैल 2013

